पंचायत, संचालनालय

36 सी III, ब्लाक–II, द्वितीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक–0771-2221480, फैक्स क्रमांक–0771-2221141,e-mail- dp.cg@nic.in

क्रमांक/ई–पंचा./2018/268 नया रायपुर, दिनांक 22/05/2018

प्रति,

समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत छत्तीसगढ़

विषय :– **डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट बनाये जाने के संबंध में।**

----0----

आप अवगत है, 14 वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त अनुदान की राशि का हस्तांतरण ग्राम पंचायतों को PFMS प्रणाली के माध्यम से किया जायेगा तथा ग्राम पंचायत द्वारा 14वें वित्त अंतर्गत समस्त व्यय का भुगतान PFMS प्रणाली के माध्यम से किया जाना है। उक्त संबंध में पूर्व में आप से पत्राचार किये गये है।

चिप्स कार्यालय का पत्र क्रमांक 1010/मु.का.अ./चिप्स/18/वेब, रायपुर दिनांक 21.05.2018 के छायाप्रति का अवलोकन हो, जिसमें चिप्स कार्यालय द्वारा DSC बनाये जाने हेतु प्रति DSC, राशि 579.00 रूपये का व्यय आने का उल्लेख किया गया है। DSC बनाये जाने हेतु जिलेवार व्यय की सूची, पत्र के साथ संलग्न है। DSC बनाये जाने हेतु व्यय ग्राम पंचायत स्तर पर 14वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त अनुदान के तकनीकी एवं प्रशासनिक मद में उपलब्ध 10 प्रतिशत राशि से व्यय किया जा सकता है।

चूँकि भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार यह कार्य समय–सीमा में किया जाना है। अतः अत ग्राम पंचायतों द्वारा चिप्स के माध्यम से DSC बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाये, तथा विकासखंड स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत इस कार्य हेतु समन्वय करें, तथा दैनिक प्रगति प्रतिवेदन पंचायत संचालनालय के गुगल शीट में अपलोड किया जावे।

संलग्नः– **उपरोक्तानुसार ।**

(तारन प्रकाश सिन्हा)
संचालक
पंचायत संचालनालय
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

पृ. क्रमांक/ई–पंचा./2018/269 नया रायपुर, दिनांक 22/05/2018

प्रतिलिपिः–

1. स्टाफ आफिसर, अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर की ओर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स, स्टेट डाटा सेंटर बिल्डिग, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
3. समस्त कलेक्टर, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ।
4. समस्त उपसंचालक, पंचायत, जिला पंचायत, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
5. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक
पंचायत संचालनालय
छत्तीसगढ़, नया रायपुर

Scanned by CamScanner